Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:31 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 7:11 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

मेरी क्रिसमस

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 167 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 25 दिसंबर 2024

सलमान को अब मिला ऋतिक रोशन...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**हल्द्वानी।** घर के बाहर खड़ी बाइक को वाहन चोरों ने चुरा कर पुलिस को चुनौती दी है वाहन स्वामी ने मुखानी थाना पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर सौंपी है। सौंपी तहरीर में अमरावती कॉलोनी फेस 3 निवासी योगेंद्र सिंह बिष्ट पुत्र कुंवर सिंह बिष्ट ने कहा है कि उसने अपनी बाइक को 18 दिसंबर की रात्रि घर के बाहर खड़ा किया था जब वह 19 दिसंबर की प्रात: है वह घर से बाहर आया तो उसने देखा कि उसकी बाइक वहां से गायब थी उसने आसपास के लोगों से बाइक के बारे में जानकारी जुटाई और आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले कैमरे में चोर दिखाई दिया ।

# क्रिसमस पर सजे गिरिजाघर, चर्चों में प्रार्थना सभा आयोजित

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में मंगलवार को शहर शहर में क्रिसमस को लेकर सैलानियों उमर पड़े मालूम हो कि क्रिसमस की पूर्व संध्या पर सभी चर्चों में प्रार्थना सभा के साथ ही कई कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमे स्थानीय लोगं के साथ ही पर्यटकों ने भी हिस्सा लिया।

क्रिसमस के लिए सेंट जोंस सहित नगर के पांचों चर्च सुंदर तरीके से सजाए गए है। सूखाताल स्थित सेंट जॉन्स चर्च के अलावा मल्लीताल मैथोडिस्ट चर्च, तल्लीताल कैथोलिक चर्च, राजभवन स्थित सेंट निकोलस चर्च, सेंट फ्रांसिस होम, नामी स्कूलों के चैपल सहित विशप शॉ आदि में खास कार्यक्रम आयोजित किये गए। चर्च व ईसाई समुदाय के लोगों के घरों में भी प्रभु यीशु मसीह के जन्म को लेकर कैरल गाए। इसके आलावा नैनीताल के होटलो में भी कार्यक्रम आयोजित कराए गए ।





**तल्लीताल कैथोलिक चर्च करेगा कैरोल व मिस्सा बलिदान का आयोजन:फादर**

तल्लीताल कैथोलिक चर्च के फादर शेखर ने बताया कि कैथोलिक चर्च में कैरोल व मिस्सा बलिदान का आयोजन किया जायेगा।

शहर के चर्चों में शामिल कैथोलिक चर्च में मुख्य कार्यक्रम होते हैं। चर्च व ईसाई समुदाय के लोगों के घरों में प्रभु येशु के जन्म को लेकर कैरल गाये जाते हैं। 25 दिसम्बर को सभी चर्चों में खास प्रार्थना सभा का आयोजन होगा। जिसमे कैरल गीत गाए जायेंगे और केक वितरण भी किये जायेंगे।

**सेना का वाहन 350 फुट गहरी खाई में गिरा**

# पुंछ में हुआ बड़ा हादसा, पांच जवान शहीद और पांच घायल

**पुंछ**
एजेंसी

18 जवानों को लेकर 11 मराठा इन्फैंट्री का ढाई टन वाहन ऑपरेशन ड्यूटी पर जा रहा था। इन जवानों को नियंत्रण रेखा पर बनोई की घोड़ा पोस्ट तक ले जाना था। इस बीच घरोआ के पास चालक ने गाड़ी पर नियंत्रण खो दिया।



जवानों को लेकर नियंत्रण रेखा पर स्थित घोड़ा पोस्ट की ओर जा रहे छह वाहनों के काफिले का एक वाहन फिसल कर करीब 350 फुट गहरी खाई में गिर गया। हादसे में पांच जवान बलिदान हो गए, जबकि पांच अन्य जख्मी हैं। सभी गंभीर रूप से घायल हैं। इन्हें पुंछ के फील्ड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जवानों की शिनाख्त की जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है।

बताया जाता है कि मंगलवार की शाम 10 जवानों को लेकर 11 मराठा लाइट इन्फैंट्री के छह वाहनों का काफिला ऑपरेशन ड्यूटी पर जा रहा था। इन जवानों को नियंत्रण रेखा पर बनोई की घोड़ा पोस्ट तक ले जाना था। इस बीच करीब 5 बजकर 20 मिनट पर घरोआ के पास ढाई टन वाहन के एक चालक ने गाड़ी पर नियंत्रण खो दिया और गाड़ी करीब 350 फुट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही सेना व पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया।

सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर बलिदानी जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, दुर्घटना ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान हुई। पांच बहादुर सैनिकों की दुखद मौत पर व्हाइट नाइट कोर के सभी रैंक अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। बचाव अभियान जारी है और घायल कर्मियों को चिकित्सा देखभाल मिल रही है। जम्मू-कश्मीर में पहले भी ऐसे कई हादसे हो चुके हैं।

पिछले साल 29 अप्रैल को राजोरी में सेना की एंबुलेंस 200 फीट गहरी खाई में गिर गई थी। इस हादसे में दो जवान बलिदान हो गए थे। इसके बाद 19 अगस्त 2023 को सेना की गाड़ी 60 फीट गहरी खाई में गिने से 9 जवान बलिदान हुए थे।


# दवा लेने जा रही वृद्ध महिला से दिन दहाड़े लूट, मामला सीसीटीवी फुटेज में हुआ कैद

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

शारदा कॉलोनी यूपी निवासी बुजुर्ग महिला रमा रानी अरोरा ने बताया कि सोमवार को वह अपने पति के साथ काशीपुर फ्लाईओवर के समीप स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में दवाई लेने आई थी। बताया कि पति ने दोपहर के वक्त फ्लाईओवर के समीप छोड़कर बाजार की तरफ चले गए और वह पैदल ही सड़क पार कर अस्पताल की ओर जा रही थी कि तभी अचानक चार संदिग्ध युवक आते है और कहते है कि माता जी सोने के जेवर पहनकर अकेले मत जाओ,क्योंकि दिनदहाड़े चोर लूट की घटना को अंजाम दे रहे है। बताया कि संदिग्धों ने उसे सम्मोहित कर हाथ में पहने चार तोले सोने के कड़े उतरवा लिए और एक कागज में लपेटकर वापस भी कर दिए। जब थोड़ी देर बाद उसने कागज खोला,तो प्लास्टिक का कड़ा रखा हुआ था। वहीं संदिग्ध गायब हो चुके थे। पीड़िता ने कोतवाल ली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर,कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि वृद्धा की तहरीर आने के बाद पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। जल्द ही संदिग्धों की तलाश कर गिरफ्तारी की जाएंगी।

# यातायात नियमों के उल्लंघन में 29 के खिलाफ चालानी कार्रवाई

**नैनीताल ।** तल्लीताल क्षेत्र में नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने व रौंग साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चला दिया है। क्रिसमस से पहले ही पुलिस ने 29 के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। बता दें कि क्रिसमस और थर्टी फ स्ट में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस ने सडक् में वाहन पार्क न करने की अपील की है साथ ही गलत दिशा में वाहन न चलाने के लिए लोगों को मुनादी कर जानकारी दी जा रही हैं। वहीं पुलिस चलानी कार्रवाई में भी जुटी हुई है। मंगलवार की शाम तल्लीताल क्षेत्र में पुलिस ने अभियान चालाया। मामले में तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश बोरा ने बताया कि नो पार्किंग जोन में वाहन चलाने और रौंग साइड में बाइकें दौड़ाने वाले 29 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# छात्रावासों में मैस रेट बढ़ाने पर ज्ञापन दिया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

छात्रावासों में मैस के रेट बढाने को लेकर छात्र नेताओं ने मंगलवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत से वार्ता कर ज्ञापन दिया। बता दें छात्र नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान में छात्रावासों में मैस संचालन के लिए निविदा प्रक्रिया की गई है। छात्रावासों में जीर्णोधार कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। वर्तमान में रानी लक्ष्मीबाई बालिका छात्रावास में स्नातकोत्तर की छात्राओं की संख्या 26 है तथा केपी बालिका छात्रावास की छात्रायें जो की वर्तमान समय में रानी लक्ष्मीलाई छात्रावास में रह रही है उनती संख्या 53 है जो कि निविदा की शर्तो के अनुसार अपना बिल मैस संचालक को नहीं दे रही हैं। केनन फील्ड छात्रावास में वर्तमान में प्रवेशित छात्रों की संख्या 111 है जबकि 180 सीटों में प्रवेश आज की तिथि तक प्रवेश नहीं हो पाया है जबकि विश्वविद्यालय द्वारा छात्रावास के मैस संचालन की निविदा आमंत्रित कर दी गई है। कहा कि वर्तमान समय में छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया भी अभी तक संपन्न नहीं हुई है वही केपी बालिका छात्रावास जीर्णोधार से सम्बंधित कार्य के चलते विगत 5 माह से पूर्ण रूप से बन्द है। इस दौरान कुलपति प्रो. डीएस रावत ने बताया कि पिछले साल टेंडर किया गया था उस समय जीएसटी नही जोड़ा गया था इस बार 3 रुपया डाईट बढ़ा गई है। नए सत्र में बच्चों से जीएसटी चार्ज नहीं लिया जाएगा। सभी हॉस्टलस का जीर्णोद्धार कर दिया गया है।पहली बार हॉस्टल में छात्र व छात्राओं को बेहतर सुविधा दी जा रही है। कुलपति द्वारा हॉस्टल का निरिक्षण भी कई बार किया गया है। अगर किसी भी छात्र छात्राओं को हॉस्टल से सम्बंधित कोई परेशानी होती है तो वह तत्काल कुलपति से संपर्क कर सकते हैं, शिकायतकर्ता कि पहचान पूर्ण रुप से गोपनीय रखी जाएगी। इस दौरान मोहित बिष्ट, आशीष कबडवाल,करन सती, अभिषेक कुमार, देव,अंशुल कुमार, ओम तथा विक्की, शौरभ तथा आयुष समेत अन्य छात्र मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### घरेलू हिंसा को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल ।** जिले के रामगढ़ विकास खंड के बीआरसी तल्ला रामगढ़ में मंगलवार को घरेलू हिंसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान मिशन शक्ति की नोडल कविता रिमझिमयाल के द्वारा प्रधानमंत्री मात्र वंदन योजना की विस्तृत जानकारी दी गई जबकि केस वर्कर बसंती गढिया के द्वारा घरेलू हिंसा अधिनियम- 2005 की विस्तृत जानकारी दी गई वहीं वन स्टॉप सेंटर की नोडल नीलम नाथ द्वारा वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दी गई जबकि स्वास्थ्य विभाग से डॉ. मोहम्मद इम्तियाज फार्मेसी अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तल्ला रामगढ़ की प्रधानाचार्य निधि सक्सेना के द्वारा उपस्थित बालिकाओं वह महिलाओं को बाल विवाह के संबंध में जानकारी दी गई ष इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी पार्वती कोरंगा द्वारा विभागीय योजनाओं के साथ नंदा गौरा योजना की जानकारी दी गई।

### जी. नागेंद्र उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश नियुक्त

**नैनीताल।** आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नागेंद्र उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश नियुक्त हुए हैं। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून मंत्रालय की ओर से उनकी नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। उन्हें उत्तराखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायधीश बनाये जाने की सिफ रिश सुप्रीम कोर्ट की कॉलिजियम ने 25 सितम्बर 2024 को की थी। बता दें कि न्यायमूर्ति नरेन्द्र को 2 जनवरी 2015 को कर्नाटक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया। जस्टिस नरेंद्र 30 अक्टूबर 2023 को आंध्रप्रदेश के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त हुए और तब से वहीं कार्यरत हैं। वह उच्च न्यायालय में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं और अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं। वह अनुभवी न्यायाधीश हैं, जिन्हें कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के उच्च न्यायालयों के न्यायिक और प्रशासनिक पक्षों का काफी अनुभव है।

# हल्द्वानी में भाजपा से प्रमोद तोलिया हो सकते हैं मेयर पद के मजबूत दावेदार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी नगर निगम सीट अनारक्षित होने पर पूर्व पार्षद प्रमोद तोलिया भारतीय जनता पार्टी से मजबूत दावेदार हो सकते हैं , उनकी पत्नी बेला तोलिया जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी है कार्यकाल समाप्ति के उपरांत वर्तमान में प्रशासक जिला पंचायत नैनीताल है ।

प्रमोद तोलिया भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में मजबूत पकड़ रखते हैं , राजनीतिक जीवन में कई बार प्रधान रहने के चलते क्षेत्रवासियों के जनप्रिय प्रतिनिधि के रूप में भी स्वीकार्यता है । हल्द्वानी सीट के सामान्य होने के उपरांत प्रबल दावेदारों में शामिल प्रमोद तोलिया हालांकि पूर्व से ही मेयर पद का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे । अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण आने के बाद चुनाव लड़ने की आस छोड़ चुके प्रमोद तोलिया आज सीट के सामान्य होने के बाद फिर चुनावी मोड में आ गए हैं । उनका कहना है कि भाजपा नेतृत्व के सामने उन्होंने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है उनको विश्वास है पार्टी उनकी बेदाग ईमानदार एवं निष्ठा पर अवश्य भरोसा दिखायेगी।



# क्रिसमस पर्व की पूर्व संध्या पर निकाली सैंटा क्लॉज की शोभा यात्रा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में मंगलवार को क्रिसमस पर्व की पूर्व संध्या पर सेंटा क्लॉज की शोभा यात्रा शेरवानी होटल से प्रारंभ हुई जो नैनीताल क्लब चौराहा होते हुए नैनीताल क्लब चौराहा, मोहनको, पंत पार्क, मॉल रोड समेत तल्लीताल होते हुए वापस होटल तक निकाली गई।

इस दौरान सेंटा क्लॉज ने बच्चों को टोफ ी बांटी और झिंगल बैल झिंगल बैल गीत के साथ सैलानियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान नगर का वातावरण क्रिसमस में डूबा नजर आया। क्रिसमस गीतों के साथ कर्मचारी भी क्रिसमस के रंग में रंगे नजर आए। शोभा यात्रा में सेंटा क्लॉज ने बच्चों को खूब उपहार बांटे और चॉकलेट के साथ टॉफियां प्रदान की। सेंटा क्लॉज की शोभा यात्रा जीएम सिद्धार्थ शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई।




उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन बेहद जरूरी है। सिद्धार्थ शर्मा ने बताया क्रिसमस के मौके पर भविष्य में भी सेंटा क्लॉज की शोभा यात्रा को जारी रखा जाएगा। इस मौके पर शोभा यात्रा सफल बनाने में जीवन सिंह बिष्ट,एमपीएस अधिकारी, गणेश जोशी, दीपक सिंह, दीवान सिंह, बच्ची सिंह, पान सिंह, किशन चंद, सिया, कुंदन सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक: स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaran-chaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत



# अभिमत

## लोकतंत्र की अवधारणा

***लोकतंत्र बहाली की मांग करने वालों को फौज ने मौत के घाट उतारना शुरू कर दिया। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद ने विद्रोहियों से बात करके शासन व्यवस्था में सुधार नहीं किया। जुल्म की इंतहा होने पर लोग सड़कों पर उतर आये। अंत में तानाशाह बशर अल असद को जान बचाने के लिए भागना पड़ा। अरब के ज्यादातर देशों में तानाशाहों का यही हश्र हुआ है। लीबिया के तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी को लोगों ने सड़क पर घसीटते हुए पीट-पीटकर मार डाला था। दुनिया में सर्वमान्य, न्यायसंगत और प्रभावी शासन व्यवस्था लोकतंत्र है।***

विश्व के जिन देशों में लोकतंत्र नहीं है और तानाशाह शासक हैं, वहां तानाशाहों का हश्र सामने आ रहा है। अत्याचार के खिलाफ विद्रोह भड़कता है। जुल्म से परेशान सीरिया के लाखों लोग जर्मनी में पनाह लेने को बाध्य हो गये। लोकतंत्र बहाली की मांग करने वालों को फौज ने मौत के घाट उतारना शुरू कर दिया। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद ने विद्रोहियों से बात करके शासन व्यवस्था में सुधार नहीं किया। जुल्म की इंतहा होने पर लोग सड़कों पर उतर आये। अंत में तानाशाह बशर अल असद को जान बचाने के लिए भागना पड़ा। अरब के ज्यादातर देशों में तानाशाहों का यही हश्र हुआ है। लीबिया के तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी को लोगों ने सड़क पर घसीटते हुए पीट-पीटकर मार डाला था। दुनिया में सर्वमान्य, न्यायसंगत और प्रभावी शासन व्यवस्था लोकतंत्र है। दुनिया के 167 देशों में लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था है। तानाशाहों का अंजाम सामने आने के बाद भी किम जोंग-उन, शी जिनपिंग, ब्लादिमीर पुतिन आदि लोकतांत्रिक शासन के लिए तैयार नहीं हैं। नब्बे के दशक में चीन के थ्येनमन स्क्वॉयर पर छात्रों ने प्रदर्शन किया था। चीनी सेना ने गोलियों से भूनकर हजारों लाशें बिछा दी थीं। पूरी दुनिया में चीन के तानाशाही शासक और सेना की निंदा हुई थी। वर्तमान में भी चीन में तानाशाही शासन है, नागरिकों के अधिकारों का हनन हो रहा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं होने के कारण चीन की वस्तुस्थिति से शेष विश्व के देश अनभिज्ञ रहते हैं। जिन देशों में तानाशाही शासन है, वहां के नागरिकों की हालत बद से बदतर है। भारत के अलग हुए इस्लामी देश पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बदहाल है। लोग भूख से मर रहे हैं। गरीब मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है। लोकतंत्र के नाम पर चुनाव कराये जाते हैं, लेकिन चुनी हुई सरकार का तख्ता पलट कर सेना कब्जा कर लेती है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) बलूचिस्तान क्षेत्र के लोग सरकार और सेना के अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं, लाठियां बरसा कर प्रदर्शनकारियों की आवाज को दबाया जाता है। भारत के प्रधानमंत्री से कई बार गुहार लगा चुके हैं कि पीओके और बलूचिस्तान को भारत में शामिल कर लिया जाये। दुनिया के ज्यादातर मुस्लिम देशों में गृहयुद्ध हो रहा है। तानाशाही शासन वाले देश आपस में भिड़े हुए हैं। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध तीन साल से जारी है। ईरान, फिलस्तीन, हमास, अफगानिस्तान में हिंसा हो रही है। मुस्लिम देशों में आतंकवादी संगठन अलग-अलग नाम से खूनखराबा कर रहे हैं। हिंसा का परोक्ष रूप से असर लोकतांत्रिक देशों पर भी पड़ता है।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



यूजीसी मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर कुमाऊँ विश्वविद्यालयए नैनीताल में उत्तराखंड पॉलीटिकल साइंस एसोसिएशन (उपसा) व भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में (इपसा) द्वारा भारतीय परम्परागत चिंतन एवं ज्ञान राजनीतिक पारिस्थितिकी से सम्भावनाएं विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का शुभारंभ मंगलवार को प्रो. दीवान सिंह रावत कुलपति कुमाऊँ विश्वविद्यालय, प्रो. मनोज दीक्षित कुलपति महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय राजस्थान, प्रो. संजीव कुमार शर्मा पूर्व कुलपति महात्मा गांधी केंद्र विश्वविघालय बिहार एवं इपसा के महासचिव प्रो. काशीनाथ जेना, कुलपति स्पर्श विश्वविद्यालय देहरादून एवं प्रो0 नीता बोरा शर्मा निदेशक डी0एस0बी0 परिसर नैनीताल, प्रो. आर0एस0 भाकुनी उप.निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड, प्रो0 एम0एम0 सेमवाल अध्यक्ष इपसा, प्रो0 दिव्या उपाध्याय जोशीए निदेशक यूजीसी.एमएमटीटीसी एवं डा0 रीतेश साह सहायक निदेशक यूजीसी.एमएमटीटीसी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्वलन से प्रारम्भ हुआ। अध्यक्षीय भाषण में प्रो0 दीवान सिंह रावत कुलपतिए कुमाऊँ विश्वविद्यालय ने कहा कि भारतीय ज्ञान एवं चिंतन में गणित, ज्योतिष, रसायन, आयुर्वेद, योग आदि अनेक विषयों में ज्ञान अनमोल धरोहर के रूप में उपलब्ध है। मुख्य अतिथि प्रो. मनोज दीक्षित कुलपति महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय राजस्थान ने कहा कि प्राचीन काल में हमारे अनेक ऋषि मुनियों के चिंतन को आधुनिक भारत में विद्वानों ने उसे राजनीतिक व्यवस्था में व्यवहारिक आधार पर लागू करने की पूरी कोशिश की जिसमें प्रमुख पं0 दीन दयाल उपाध्याय तथा वर्तमान भारत की समस्याओं और विश्व की समस्याओं का समाधान हम प्राचीन चिंतन और ज्ञान में देखते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो0 संजीव कुमार शर्माए पूर्व कुलपति महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतीहारी बिहार द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा पर प्रकाश डालते हुए वेदों एवं आधुनिक भारतीय ग्रंथों की प्रासंगिकता भूत व वर्तमान व भविष्य में बनी रहेगी तथा आवश्यकता है कि आज हमें आधुनिक ज्ञान को भी भारतीय परिप्रेक्ष्य के संदर्भ में लेते हुए भारतीय राजनीतिक विषय की प्रासंगिकता को शोधपत्रों, सेमीनारों व वाद-विवादों और चर्चाओं के माध्यम से बढाने की आवश्यकता है।

उपसा के अध्यक्ष संगोष्ठी के समन्वयक प्रो. एम0एम0 सेमवाल द्वारा उपसा एवं सेमीनार के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी गई तथा उन्होंने उपसा के द्वारा भविष्य में होने वाले सेमीनारों की चर्चा की जबकि प्रो. एम0एम0 सेमवाल अध्यक्ष इपसा ने राजनीति विज्ञान परिषद् के उद्देश्यों की रूपरेखा विस्तारपूर्वक रखा। प्रो. काशीनाथ जेना स्पर्श विश्वविद्यालय देहरादून ने कहा कि प्राचीन भारतीय चिंतन और ज्ञान को वर्तमान में शोधार्थियों द्वारा उस पर गहन अध्ययन करके उसे चिन्हित करने की अत्यन्त आवश्यकता है। प्रो. नीता बोरा शर्मा निदेशक डी0एस0बी0 परिसरए नैनीताल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि सेमीनार में आये प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे शोध पत्रों से भारतीय परम्परागत चिंतन एवं ज्ञान राजनीतिक पारिस्थितिकी से सम्भावनाएं में राजनीति विज्ञान के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाएंगी,प्रो0 दिव्या उपाध्याय जोशी निदेशक यूजीसी.एमएमटीटीसी नैनीताल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा एवं चिंतन में वर्तमान राजनीति विज्ञान की समस्याओं एवं चुनौतियों को इपसा के माध्यम से शोधार्थियों, गोष्ठियों व परियोजनाओं व चर्चाओं के माध्यम से रखा जायेगा। भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद् के महासचिव प्रो. संजीव कुमार शर्मा द्वारा घोषणा की गई कि हिमालय स्टडी फ ोरम की स्थापना में सहयोग दिया जायेगा। डॉ. रीतेश साहए आयोजक सचिव राष्ट्रीय संगोष्ठी ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का उनकी उपस्थिति हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर डॉ. कामना जैन डॉ. नीशु भाटी द्वारा लिखित दो पुस्तकों का विमोचन किया गया जिसका शीर्षक भारत की जी-20 अध्यक्षता एक साझा वैश्विक भविष्य तथा एक राष्ट्र एक चुनाव- प्रासंगिकता एवं चुनौतियां था।

## मुकदमा वापस लेने से इंकार किया तो मारपीट शुरू कर दी

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में दबंग ने एक व्यक्ति का रास्ता रोक कर उससे कोर्ट में विचाराधीन मामले को वापस लेने को को दबाव बनाया। मना करने पर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसके चोटें आई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक आवास विकास कालोनी रूद्रपुर निवासी चंदन रस्तोगी पुत्र राम चंद्र रस्तोगी ने पुलिस को बताया कि मोहन सिंह भण्डारी पुत्र खडक सिंह भण्डारी निवासी कालीनगर बाजार थाना दिनेशपुर से दो लाख का भुगतान लेना था। मगर उस व्यक्ति ने रुपए वापस नहीं किए। मामला जिला सत्र न्यायालय में विचाराधीन है। बताया कि 23 दिसंबर 24 को दोपहर को पडौसी जोगेन्द पाल केनरा बैंक रूद्रपुर से घर जा रहा था। आरोप है कि तभी रास्ते में बैंक आफ बडौदा, आवास विकास रूद्रपुर में मोहन सिह भण्डारी ने रोक लिया और गाली गलौज करते हुए मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगा।

## उत्तराखण्ड सांस्कृतिक उत्सव एवं कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



मकसद संस्था भिकियासैण अल्मोड़ा उत्तराखण्ड के तत्वावधान तथा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से देवभूमि उत्तराखंड की लोक संस्कृति व तीज त्योहारों तथा प्रेरणादायी परम्पराओं पर आधारित उत्तराखण्ड सांस्कृतिक उत्सव एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संस्था की सचिव हेमा बिष्ट ने बताया कि 01 दिसम्बर से 23 दिसम्बर 2024 तक सांस्कृतिक कार्यशाला संगोष्ठी एवं रिहर्सल आयोजित की गयी, तदोपरांत मंगलवार को उत्तराखण्ड सांस्कृतिक उत्सव का भव्य आयोजन राजकीय इण्टर कॉलेज गौजानी रामनगर में हेमा बिष्ट के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कालेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र सिंह पीटीए अध्यक्ष व ममता एसएमसी अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वललित किया गया। संस्था के संरक्षक मधन सिंह बिष्ट एवं सचिव हेमा बिष्ट द्वारा मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत व पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कलाकार भुवन जोशी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मॉ नंदा सुनन्दा मेरी सेवा ली आ-- वन्दना से की गयी। संस्था के कलाकारों द्वारा पारम्परिक झोड़ा लोकनृत्य से अपने समर्पण और प्रतिभा से इस प्राचीन नृत्य परम्परा को जीवंत कर दिया। गायन एवं वाद्य कलाकारों में मुख्य गायक अमित बुधोडी, हेमा बिष्ट, ज्योति उप्रेती, ढोलक पर सौरभ जोशी जबकि हुडका वादक गौरव जोशी, सह गायक भुवन चन्द्र जोशी,जानकी जोशी व अमित बुघोडी रहे जबकि नृत्य में मनोज जोशी, कामना बिष्ट, प्रकाश थापा, प्रदीप कुमार, ललिता साह, माही राणा, निकिता व रिया सिंह रही, समापन में मुख्य अतिथि अनिल कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का विद्यालयों में आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है, यह न केवल हमारी युवा पीढी को संस्कृति से जोड़ते हैं बल्कि उनके संरक्षण और विकास का भी मार्ग प्रशस्त करता है।

उन्होंने कार्यक्रम की सुंदरता और भव्यता की सराहना करते हुए कलाकारों और संस्था को इस अद्वितीय प्रस्तुति के लिए बधाई दी। अंत में सचिव हेमा बिष्ट ने सभी का आभार जताया। इससे पूर्व उत्तराखंड की महान विभूति इंद्रमणि बडोनी को उनके जन्म दिवस पर याद किया गया।

# फिल्मी दुनिया

## सलमान को अब मिला ऋतिक रोशन का साथ



*सलमान खान और ऋतिक रोशन पहली बार साथ काम करने वाले हैं। परियोजना के निर्देशन की कमान अली अब्बास जफर संभालेंगे। सलमान खान और ऋतिक रोशन फिल्म इंडस्ट्री के दो सबसे बड़े और चमकते सितारे हैं। दोनों दशकों से कई हिट प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्हें कभी भी स्क्रीन शेयर करने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अब ऐसा लगता है कि दर्शकों को दोनों कलाकारों को पर्दे पर किसी प्रोजेक्ट में साथ देखने का मौका मिल सकता है और इसको आसान बनाने के पीछे अली अब्बास जफर का हाथ है। ऋतिक रोशन ने 1995 में अपने पिता राकेश रोशन द्वारा निर्देशित सलमान खान और शाहरुख खान की फिल्म करण अर्जुन में बतौर सहायक निर्देशक काम किया था। %कहो ना प्यार है% से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने से पहले उन्होंने सलमान के साथ ट्रेनिंग भी ली थी, लेकिन किस्मत से उन्होंने कभी भी स्क्रीन पर साथ काम नहीं किया। भले ही दोनों अभिनेता एजेंट टाइगर और एजेंट कबीर के रूप में वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक शाहरुख खान और सलमान खान जैसे क्रॉसओवर सीन नहीं किए हैं। हालांकि, अब यह सब बदल सकता है। सलमान खान और ऋतिक रोशन पहली बार एक्शन से भरपूर विज्ञापन फिल्म के लिए साथ आने वाले हैं। बताया गया कि बड़े पर्दे पर साथ काम करने की तमाम कोशिशों के बाद एक कॉरपोरेट दोनों सुपरस्टार्स को एक्शन से भरपूर विज्ञापन के लिए साथ लाया है। विज्ञापन फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे और यह जल्द ही ऑन एयर होगी।*

### मुंबई में होगी शूटिंग

*रिपोर्ट्स के अनुसार, इस विज्ञापन की शूटिंग मुंबई में की जाएगी। हालांकि, टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्थानों के वीएफएक्स प्लेट्स लिए हैं। इस सहयोग के बारे में जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी। इस विज्ञापन फिल्म में निर्देशक अली अब्बास जफर और सलमान खान की जोड़ी सुल्तान, टाइगर जिंदा है और भारत जैसी सफल फिल्में बनाने के बाद फिर से साथ काम करेगी।*

## फ्रॉड करने वालों के खिलाफ पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद मीणा के आदेश पर फ्रॉड करने वालों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किया है मुकदमा दर्ज करने वाले रोहित सिंह बिष्ट पुत्र होशियार सिंह कैनाल कॉलोनी पैराडूंग रोड निवासी ने कहा है कि उसके अकाउंट से किसी फर्जी कंपनी दोबारा 97203 गलत तरीके से निकाल लिए गए जब उसे इसका पता लगा तो उसने तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर फोन करके अपनी शिकायत दर्ज कर दी शिकायत के बाद साइबर क्राइम हेल्पलाइन में 75782 रुपए होल्ड कर दिए इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली कोतवाली पुलिस को फर्जी कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर दी पल्नी का कहना है कि अभी तक उसका हॉल हुआ और रुपया वापस नहीं मिला है इसलिए उसने एस एसपी की शरण में जाना आवश्यक समझा हालांकि पुलिस ने फ्रॉड कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी जांच शुरू कर दी है।

## मोबाईल से चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो शेयर करने के मामले में आरोपी महिला पर मुकदमा

**रुद्रपुर।** पुलिस ने अपने मोबाईल से चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो शेयर करने के मामले में आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएसपी एसटीएफ उत्तराखंड के निर्देश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मोबाईल धारक नेताजी सुभाष मार्ग रूद्रपुर निवासी महिला ने फेसबुक पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो शेयर की गई है। सीडी में एक व्यस्क व्यक्ति एक व्यस्क महिला के साथ स्वीमिंग पुल में अर्धनग्न अवस्था में एक नाबालिक बालक के सामने अश्लील हरकत कर रहे हैं। महिला के सोशल मीडिया पर उपरोक्त वीडियो अपलोड की है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी महिला के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# स्व0 इन्द्रमणि बडोनी की स्मृति में लोक संस्कृति दिवस मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में स्व0 इन्द्रमणि बडोनी की स्मृति में लोक संस्कृति दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में दो दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुख्य अतिथि कुमाऊं विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत रहे और विशिष्ट अतिथि आलोक साह वरिष्ठ समाजसेवी रहे।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा इन्द्रमणि बड़ौनी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया, विद्यालय के बच्चों द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत झोड़ा ने इतना आकर्षित किया कि उन्होंने उपस्थित अतिथियों को भी झोड़ा गाने व नाचने को मजबूर कर दिया, इसमें मुख्य अतिथि प्रो0 दीवान सिंह रावत, आलोक साह, गीता साह, राजेन्द्र पाठक, शांति मेहरा, प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, अमिता साह, मीनू बुधलाकोटी आदि झोड़े में बच्चों के साथ नाचे। इसके अतिरिक्त विद्यालय के बालक-बालिकाओं ने छोलिया नृत्य, कत्थक नृत्य, चाचरी आदि प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के बच्चों द्वारा उत्तराखण्ड के व्यंजनों के स्टॉल भी लगाये गये, जिसमें अतिथियों ने इन व्यंजनों का स्वाद चखा और बच्चों द्वारा तैयार व्यंजनों की तारीफ की। मुख्य अतिथि प्रो0 दीवान सिंह रावत ने विद्यालय के संस्थापक प्रताप भैय्या को याद करते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर हमें बच्चों को अपनी संस्कृति व भाषा के प्रति जागरूक करना होगा तभी हम अपनी संस्कृति व भाषा को बचा पायेंगे हमें अपनी भाषा कुमाऊंनी में बात करने में गर्व होना चाहिए। उन्होंने बच्चों से कहा कि आपको जीवन संवारने के लिए एक लक्ष्य के साथ आगे बढना चाहिए। विशिष्ट अतिथि आलोक साह ने इस अवसर पर कुमाऊंनी भाषा में अपनी बात रखी, उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी और कहा कि हमें अपनी संस्कृति को बचाये रखना है तभी हम आगे बढ़ेंगे। मुख्य अतिथि के कर-कमलों से विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आलोक कुमार, मीनाक्षी बिष्ट, डॉ0 रेनू बिष्ट, डॉ0 नीलम, शाहनवाज, डॉ0 प्रह्लाद, उत्कर्ष बोरा, चन्द्र प्रकाश, सन्तोष साह, भावना जोशी, अवन्तिका गुप्ता, निशा, दरपान सिंह, नवीन पाठक, गीतिका नेगी ,रमा भट्ट, मंजू जोशी, बबीता, गोदाम्बरी, किशन लाल, सुनील बोरा, दामोदर लोहनी, गुड्डू ठठोला आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रवीण सती व महेश ने संयुक्त रूप से किया।





## News कॉर्नर

### बडोनी की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया

**नैनीताल** । उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट के नेतृत्व में मंगलवार को खुर्पाताल में देवभूमि उत्तराखंड के गांधी स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की जयंती पर होटल लेक इन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुरेश डालाकोटी ने की और कार्यक्रम का संचालन पान सिंह सिजवाली ने किया। सबसे पहले इंद्रमणि बडोनी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया श्रद्धांजलि कार्यक्रम में डा. सुरेश डालाकोटी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान मुझको भी उनके सानिध्य में रहने का अवसर प्राप्त हुआ उनकी जो अवधारणा ही थी उत्तराखंड के प्रति जो सोच थी वह बहुत ही सराहनी थी शायद आज अगर इन तमाम शहीदों की सपनों का राज्य बना होता तो आज राज्य की दिशा और दशा अलग होती।उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट ने कहा कि वर्तमान समय में उत्तराखंड राज्य के अंदर जो कुछ भी विकास के नाम पर नहीं हो रहा है।

# आरओ,एआरओ को मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रशिक्षण

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, निर्वाध सम्पन्न कराये जाने को सभी आरओ,एआरओ को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि सभी आरओ, एआरओ हस्तपुस्तिका का अच्छे से अध्ययन कर लें। नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच व प्रतीक चिन्ह आवंटन में सावधानी व सतर्कता बरती जाये व नामांकन की वीडियोग्राफी भी करा ली जाये। उन्होने कहा कि निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण निर्वाचन कराना हम सभी का दायित्व है इसलिए सभी आरओ, एआरओ तटस्थ होकर कार्य करें। प्रशिक्षण में जो भी बाते बतायी जा रही है।उन्हे गम्भीरता से ले व आरओ हैंडबुक का अच्छे से अध्ययन कर ले। ताकि निर्वाचन के कार्यो में कोई समस्या न आने पाये। मास्टर ट्रेनर नरेश चन्द्र दुर्गापाल व जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल ने आरओ, एआरओ को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि नामांकन पत्रों को लेते समय अच्छी तरह से देखकर जमा कराये व नाम निर्देशन पत्रों को जमा करते समय तिथि व समय का अनिवार्य रूप से अंकन किया जाये। उन्होने कहा नाम निर्देशन पत्रों की अच्छी तरह से जांच करें व प्रतीक चिन्ह आवंटन में भी सतर्कता बरती जाय। उन्होने कहा कि आरओ,एआरओ स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर जो भी व्यवस्थाए करनी है समय से सुनिश्चित कर ली जाये। चुनाव प्रचार में पॉलिथिन का प्रयोग प्रतिबन्धित होगा। प्रत्याशियों से पॉलिथिन प्रयोग न करने का शपथ पत्र भी लिया जाये। आरओ, एआरओ को पीपीटी के माध्यम से विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी ने कहा कि प्रत्याशियों को रैली, सभा करने हेतु आरओ स्तर से ही स्वीकृति दी जायेगी। उन्होने नागर निकायो में आरओ, एआरओ को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होने निकाय क्षेत्रों में लगी प्रचार सामाग्री को तत्काल हटावाने के निर्देश भी दिये। प्रशिक्षण में एडीएम पंकज उपाध्याय, आरओ त्रिलोक सिंह मर्तोलिया, चन्द्र सिंह इमलाल, आसिमा गोयल, मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, रविन्द्र बिष्ट, रविन्द्र जुवाठा, डॉ अमृता शर्मा, चतर सिंह चौहान,अभय प्रताप सिंह, डॉ अभय सक्सेना, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, सुभांगनी, प्रदीप गर्ग, अक्षय कुमार भट्ट, गौरव कुमार पंत, दिनेश कुटौला, आनंद सिंह नेगी सहित एआरओ मौजूद थे।



# यश इवेंट ने लेजर ग्रुप के डी.एस. जीना को मिला द्रोण रत्न अवार्ड 2024 सम्मान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

यश इवेंट ने लेजर ग्रुप के डी.एस. जीना को टूरिज्म के क्षेत्र में हॉस्पिलिटी सेक्टर में बेहतर योगदान को लेकर द्रोण रत्न अवार्ड 2024 का पुरुस्कार प्रदान किया है। उन्हें यह अवॉर्ड कार्बेट में आयोजित समारोह में अभिनेता सुरेंद्र पाल द्वारा दिया गया।

यह अवॉर्ड राष्ट्रीय स्तर पर विभिन वर्गों में बेहतर योगदान देने वाले लोगों को दिया जाता है। डीएस जीना वर्तमान में नैनी रिट्रीट में महा प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। वह 1991 से होटल उद्योग से जुड़े हुए हैं। गोवा तथा उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में काफ ी संघर्ष के बाद इस मुकाम तक पहुंच पाए हैं।

उनके इस उपलब्धि पर लेजर ग्ररुप के निदेशक मुकुंद प्रसाद, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट तथा महासचिव वेद साह समेत भुवन लाल साह व रॉयल होटल मैनेजमेंट के निदेशक अनुराग भोसले ने बधाई दी है।



# शहीदी सप्ताह के तहत चाय सेवा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के शहीदी सप्ताह के तहत नैनीताल सिख संगत ने गुरुद्वारा के सामने विगत वर्षों की तरह ही अबकी बार भी चाय सेवा का आयोजन किया।

इस विशेष मौके पर सभी को चाय वितरित की गई और साहिबजादों और उनकी माता के बलिदान को याद किया गया। आयोजक मंडल के अमरप्रीत सिंह ने बताया कि नैनीताल में सिख संगत की ओर से शहादत सप्ताह के तहत चाय सेवा का आयोजन किया गया। कहा कि सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह साहब के पूरे परिवार और उनकी माता को शहीद कर दिया गया था जिनके बलिदान को याद करते हुए पूरे सप्ताह सिख संगत की ओर से चाय सेवा का आयोजन किया जाएगा।



## ऐसी केव को ग्लास फाइबर हट से संवारा जा रहा

**नैनीताल** । नगर में सौंदर्यीकरण के कार्य के तहत लोनिवि की ओर से ऐसी केव को ग्लास फाइबर हट से संवारा जा रहा है, पर्यटक भी ऐसी केव में बने हट को पसंद कर रहे हैं। बता दें कि लोनिवि की ओर से नैनीताल में चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में विभाग की ओर से नगर के बारापत्थर तिराहे की ओर स्थित ऐसी केव गुफा के समीप जहां गुफा से ठंडी हवा आती है ग्लास फाइबर का हट बनाया जा रहा है।

# सात दिवसीय विशेष शिविर में ईश वंदन,योग व व्यायाम हुआ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस यानी मंगलवार को आयोजित हुए कार्यक्रमों का शुभारंभ ईश वंदन,योग तथा व्यायाम से हुआ।

इसके बाद पंचवटी क्षेत्र में स्वयंसेवियों की ओर से श्रमदान के उपरांत स्वयंसेवकों के मध्य जल संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता तथा स्वच्छ भारत पर स्लोगन प्रतियोगिता की गई। मध्याह्न भोजन के बाद बौद्धिक सत्र में संदर्भकर्ता विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिह मेहता तथा उप प्रधानाचार्य और वरिष्ठ प्रवक्ता प्रवीण सती रहे।

दीप प्रज्जवलन विद्यालय की सबसे वरिष्ठ कर्मचारी माधवी द्वारा किया गया। बौद्धिक सत्र मे स्वयं सेवकों के मध्य जल संरक्षण पर भाषण प्रतियोगिता की गई। इसी क्रम में स्वयंसेवकों ने स्वरचित कुमाऊँ संस्कृति पर काव्य पाठ किया।

इस दौरान डा.नीलम जोशी तथा कविता उपाध्याय द्वारा स्वयंसेवकों को जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी गयी जबकि स्वयंसेवकों के मध्य विभिन्न खेल प्रतियोगिता की गई। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी दीपेश और नेहा ने किया। अंत में कार्यक्रम प्रभारी मीनाक्षी बिष्ट ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक महेश, आलोक भट्ट, निशा, सागर, दिव्या, गीतिका,गोदाम्बरी, बबीता तथा शोभा व हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

## महापौर की सीट को अनारक्षित करने पर रोष

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने जारी प्रेस नोट में हल्द्वानी महापौर की सीट को अनारक्षित करने पर रोष प्रकट किया है, 56 सालों में पहली बार हल्द्वानी महापौर सीट को पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित किया गया था हल्द्वानी सीट को अनारक्षित करके भाजपा ने एस सी, एस टी और ओ बी सी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है कि अमितशाह द्वारा बाबा साहेब का अपमान कोई गलती से नहीं हुआ था बल्कि सोची समझी साजिश थी, दलित समाज ने हल्द्वानी सीट को आरक्षित करने की मांग समय समय पर उठाई थी क्यूंकि 56 वर्षो से ज़्यादातर पुरुष के लिए अनारक्षित रही है महिलाओं की भागीदारी भी न के बराबर रही है, दलित समाज को आरक्षण का लाभ न तो कांग्रेस ने दिया और न ही भाजपा ने दिया, उत्तराखंड की सत्ता में बैठी सरकार भी दलित विरोधी है, ऐसा महसूस होता है कि ओबीसी आरक्षित करने के बाद कांग्रेसी नेता को चुनाव लड़ाने का झांसा देकर सदस्यता दिलवाई गई परन्तु पार्टी में बड़े नेताओं का विरोध देखते हुए अनारक्षित कर दी गई।



# रुद्रपुर के ईशू (यूएई )आबू धाबी में करेंगे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

शिव नगर रूद्रपुर के रहने वाले पेंचक सिलाट खिलाड़ी 24 वर्षीय ईशू भारती का चयन 55 किलो ग्राम भार वर्ग में भारतीय पेंचक सिलाट सीनियर टीम में अबू धाबी में होने जा रही 20वी सीनियर वर्ल्ड पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2024 हेतु चयन हुआ है। ईशू भारती पहली वार वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर रहें है।

पिछले दिनों दिनों उड़ीसा भुवनेश्वर में हुई सीनियर नेशनल पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में उत्तराखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 55 किलो ग्राम सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर 20वी वर्ल्ड पेंचक सिलाट चैंपियनशिप आबू धाबी के लिये चयनित हुए है ईशु भारती के कोंच एवं पेंचक सिलाट संघ उत्तराखण्ड के महासचिव बबलू दिवाकर ने बताया कि चयन से पूर्व ईशू भारती ने 45 दोनों का स्पेशल ट्रेनिंग कैम्प भी लिया था हालाँकि इससे पहले ईशू भारती को उत्तराखंड सरकार द्वारा गोवा में हुए 37वे राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक जीतने पर उत्तराखण्ड पुलिस में कांस्टेबल की नौकरी भई दी गई अब तक सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 3 स्वार्ण एवं 1 कांस्य पड़क जीत चुका है वर्तमान में ईशू भारती दिवाकर स्पोर्ट्स एंड फिटनेस अकैडमी रूद्रपुर में सुबहा शाम पेंचक सिलाट का प्रशिक्षण ले रहा है खिलाड़ी के भारतीय दल में चयनित होने पर इण्डियन पेंचक सिलाट फेडरेशन के अध्यक्ष किशोर येवले (सीईओ ) मोहम्मद इकबाल पेंचक सिलाट संघ उत्तराखण्ड के सचिव बबलू दिवाकर ने बधाई दी।




**खुशी**

● पहली वार वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर रहें है भारती